पोवारी भाषा का परिचय
ऋषि बिसेन

पोवारी भाषा का परिचय

लेखक

ऋषि बिसेन

प्रस्तावना

आज विश्व में लगभग सात हजार भाषाएँ अस्तित्व में हैं जिसमें से नब्बे प्रतिशत से अधिक भाषाएँ ऐसी है जिनको बोलने लोग एक लाख से भी कम हैं। लगभग दो सौ से भी कम भाषाएँ ही ऐसी हैं जिनको बोलने वाले दस लाख से अधिक हैं। भाषाओं पर समय समय में अध्ययन होता रहा है और इस आधार पर भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए नीतियाँ बनाई जाती हैं। युनेस्को जैसी अंतराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ में विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संगठन विलुप्त हो रही भाषाओं के संरक्षण के कार्य में लगे हुए हैं।

मध्यभारत में पोवारी भी एक ऐसी भाषा है जिस पर विलुप्तता का खतरा है और इसके संरक्षण के लिये प्रयास भी जारी है। हालांकि यह भाषा पोवार समुदाय के द्वारा ही बोले जाने के कारण इसे सामुदायिक भाषा की श्रेणी में रखा गया है। वैसे तो पोवार समाज की जनसंख्या बारह से पंद्रह लाख के बीच में है पर पिछले कुछ वर्षों से पोवार समाज में इसे बोलने वाले लोगों की संख्या में निरंतर कमी आ रही है और यह चिंता का विषय है। सन २०११ की जनगणना में लगभग चार लाख लोगों ने अपनी मातृभाषा का नाम पोवारी बताया था। अभी भी यह भाषा दुनिया की उन दस प्रतिशत बोले जानी वाली भाषाओं में सम्मिलित है जिनको बोलने वालों की संख्या एक लाख से अधिक है। यह छत्तीस कुल पोवार समाज की ही अपनी सामुदायिक भाषा होने के बावजूद भी समाज की कुल जनसंख्या के मुकाबले यह संख्या काफ़ी

कम हैं जिसे उचित प्रचार-प्रसार के माध्यम से बढ़ाया जा सकता है। भाषाई अध्ययनकर्ताओं ने विश्व की भाषाओं को कई भाषाई परिवारों के रूप में वर्गीकृत किया है। पोवारी भाषा को इंडो- यूरोपियन परिवार में हिंदी की उपभाषा के रूप में सम्मिलित किया गया है।

भारत में पोवारी भाषा मुख्य रूप से मध्यप्रदेश के बालाघाट और सिवनी तथा महाराष्ट्र के गोंदिया और भंडारा जिलों में निवासरत पोवार (छत्तीस कुल पंवार) समाज के लोगों के द्वारा ही बोली जाती है। इसका कारण यह है की यह समाज अठारहवीं सदी की शुरुवात के आसपास वर्तमान महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में एक सैन्य जत्थे के रूप में आये थे और इधर ही स्थाई रूप से बस गये। तत्कालीन मालवा राजपुताना क्षेत्र उनका मूल निवास स्थान था और उस क्षेत्र की उनकी भाषा के साथ विदर्भ की स्थानीय भाषाओं के समन्वय से एक विशिष्ट भाषा स्वरूप बन गया इसीलिए अब यह भाषा पोवार समुदाय की ही अपनी भाषा है जो उनकी विशिष्ट सांस्कृतिक सामाजिक धरोहर भी है और जिसके संरक्षण के प्रयास जारी है।

"पोवारी भाषा का परिचय" किताब का उद्देश्य पोवारी भाषा के मूल अस्तित्व की खोज के साथ इसकी वास्तविक पहचान को भी जानना है। यह एक शोध ग्रन्थ हैं और इसके लिये पोवारी भाषा पर विभिन्न स्रोतों से उपलब्ध तथ्यों के संग्रहण के साथ पोवारी भाषा का अवलोकन तथा उसका विश्लेषण करने का एक प्रयास किया है। इसके लिये उपलब्ध जनगणना दस्तावेज, राष्ट्रीय भाषा सर्वेक्षण, ज़िला गैज़ेट्स, शासकीय प्रतिवेदन तथा विभिन्न

ऐतिहासिक और सामाजिक किताबों में उपलब्ध पोवारी भाषा पर जानकारी को लिया गया है। किताब में ही क्रमबद्ध लेखन के साथ सन्दर्भ या स्रोत को भी साथ-साथ में लिखा गया है, जिससे पाठक इनकी प्रमाणिकता के साथ पोवारी भाषा के विभिन्न पहलुओं को समझ सकते हैं। भाषा के इतिहास के साथ इसके ऐतिहासिक और साहित्यिक नाम तथा उसकी वास्तविक पहचान को सामने लाने की कोशिश की है।

वर्तमान में पोवारी भाषा पर काफी साहित्य लिखा जा रहा है जो इसकी उन्नति और प्रचार-प्रसार में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस पुस्तक के अंतिम भाग में पोवारी भाषा के कुछ साहित्यकारों के द्वारा रचित उनकी साहित्यिक रचनाओं को सम्मिलित कर पोवारी भाषा में ज्ञात रचित किताबों का विवरण भी दिया है। आशा करता हूँ की इस पुस्तक के माध्यम से पाठक पोवारी भाषा से परिचित हो सकेंगे।

आपका

ऋषि बिसेन (IRS), नागपुर

मूल निवास : ग्राम-खामघाट,

तहसील: लालबर्रा, जिला बालाघाट

जन्म स्थान : खोलवा, तहसील : बैहर, जिला बालाघाट

अनुक्रमणिका

१५.इंटरनेशनल इनसाक्लोपीडिया ऑफ़ लिंग्विस्टिक,

१६.एंथ्रोपोलॉजिकल लिंगविस्टिक वॉल्यूम ७, १९७८,

१७.लैंग्वेज हैंडबुक, मध्यप्रदेश सेन्सस, १९५१, छिंदवाड़ा, बैतूल, होशंगाबाद, निमाड़ एंड बालाघाट डिस्ट्रिक्स,

१८.लैंग्वेज हैंडबुक, मध्यप्रदेश सेन्सस, १९५१, नागपुर,चांदा, भंडारा एंड अमरावती डिस्ट्रिक्स,

१९.अक्सेस्सिओन्स लिस्ट , इंडिया, वॉल्यूम १८,बाय लाइब्रेरी ऑफ़ कांग्रेस ऑफिस, नई दिल्ली, १९८०,

२०.यल. सी. क्लासिफिकेशन : एडिशन्स एंड चैंजेस(१९९६),

२१.लैंग्वेज हैंडबुक ऑन मदर टाँग इन सेन्सस, १९७२ (१९७१ की जनगणना),

२२.सेंट्रल प्रॉविन्सेस डिस्ट्रिक्ट गज़ेटियर, भंडारा

२३.कैटेलॉग ऑफ़ लैंग्वेज एंड फैमिलीज़,

२४.मल्टी ट्री,

२५.एथनोलॉग : द लैंग्वेज ऑफ़ वर्ल्ड,

२६.इतिहासकार श्री ओ सी पटले जी और उनका पोवारी भाषा पर मौलिक अध्ययन,

२७.पोवार : श्री महेंन पटले

२८.पोवारी भाषा पर शोधकार्य,

----

१. पोवारी भाषा का परिचय

१.१ पोवारी, पोवारों को भाषा

पोवारी, पोवार(छत्तीस कुल पंवार) समाज की अपनी भाषा है। पोवार मालवा से विदर्भ क्षेत्र में आये थे। उनकी मालवा राजपुताना की बोली भाषा और स्थानीय मराठी के प्रभाव से आज के स्वरूप वाली पोवारी बोली का विकास हुआ। पोवारी बोली मुलत: मालवी राजस्थानी बोलियों का सम्मिश्रण हैं और उस पर मराठी का प्रभाव इस बात को दर्शाता हैं की लम्बे समय तक ३६ कुल के पंवार एक साथ नागपुर नगरधन में रहे और उसके बाद वैनगंगा क्षेत्र में विस्तारित हुए।

१.२ मालवा से पोवारों का मध्य भारत आगमन

बुलंद बख्त के शासन काल में मालवा सहित उत्तर भारत से अनेक सैन्य योद्धा नगरधन और नागपुर के आसपास बस चुके थे। भाटों की पोथियों में इनके इतिहास का उल्लेख मिलता है और उससे इनके मूल गांव का भी पता चलता है। उन्होंने इनकी वंशावली उनके मूल स्थान से नगरधन आने के बाद की वंशावलियाँ लिखीं है। पोवारों के भाट मालवा से ही थे और उनके साथ इधर आ गये थे। मुख्य भाट के वंशज स्व. बाबूलाल जी ने वैनगंगा क्षेत्र में बसे पोवारों की वंशावलियाँ लिखी हैं। जिसमे नगरधन और नागपुर का उल्लेख किया हैं।

ब्रिटिश काल के गैज़ेटिएर और जनगणना संबंधित दस्तावेजों में भी यही तथ्य उल्लिखित हैं की मालवा से प्रमार राजपूत सर्वप्रथम नगरधन में

आये थे और वहां उन्होंने एक किले का निर्माण किया। वैसे तो नगरधन का इतिहास बहुत ही प्राचीन हैं और वास्तव में यह नगर विदर्भ क्षेत्र की राजधानी थी। यह नगरी कई राजवंशों की राजधानी रही है जो बारहवीं सदी के अंत तक मालवा के पंवार राजाओं के अधीन रही थी। बुलंद बख्त ने सन १७०० के आसपास इस क़िले को मालवा राजपुताना से आये क्षत्रियों को सर्वप्रथम नगरधन क़िले में ही बसाया था। बाद में मराठा काल तक सैन्य सहयोग के लिए उत्तर भारत से राजपूतों का सपरिवार आगमन होता रहा। १७०० से १७५० के आसपास तक अनेक कुल अपने परिवार के साथ इन क्षेत्रों में रहे थे। और सम्भवतया यही वह कालक्रम था जब मालवा परमार के ३६ क्षत्रियों कुलों का संघ ने मध्य भारत में भी अपने छत्तीस कुल के अस्तित्व को बनाये रखा।

१.३ पोवारी भाषा की वर्तमान स्थिति

वैनगंगा क्षेत्र में पोवार/पंवार समाज की बोली पोवारी हैं पर अब पोवारी आज गांवों में ही सीमित रह गयी हैं। शिक्षित वर्ग अब हिंदी/मराठी/अंग्रेजी ही सामान्यतया प्रयोग करते हैं और पोवारी बोली धीरे-धीरे सीमित हो रही हैं। बालाघाट/सिवनी/गोंदिया/भंडारा जिलों के पंवार/पोवार समाज की मातृभाषा पोवारी ही है और आज से लगभग 25 वर्ष के पूर्व सभी पोवारी में ही आपस में बात किया करते थे पर अब बहुत बदलाव आ गया है। बालाघाट और सिवनी में पोवारी बोलने वालों की संख्या तेजी से कम हो रही है तथा भंडारा और गोंदिया में भी पोवारी का

प्रयोग अब कम हो रहा है। शुद्ध पोवारी जो हमारे बुजुर्ग ही बोला करते थे, अब कुछ कम ही सुनने को मिलती है।

पोवारी हमारे पुरखों की सामान्य बोलचाल की भाषा रही हैं पर इसमें साहित्य का सृजन बहुत ही कम हुआ हैं। हाल के वर्षों में पोवारी पर काफी लेखन कार्य हुआ हैं। लेकिन हिंदी और मराठी साहित्य की तरह विभिन्न विधाओं में पोवारी पर काफी कम लिखा गया हैं। आज पचास से भी ज्यादा लेखक पोवारी लेखन का कार्य कर रहे हैं और अब निश्चित ही विभिन्न विधाओं पर पोवारी बोली में साहित्य सृजन होता है तो यह बोली और अधिक समृद्धशाली होगी।

२

भारत की जनगणना दस्तावेज, भाषाई सर्वेक्षण, प्रतिवेदन और विभिन्न किताबों में पोवारी भाषा का उल्लेख

२.

भारत की जनगणना दस्तावेज, भाषाई सर्वेक्षण, प्रतिवेदन और विभिन्न किताबों में पोवारी भाषा का उल्लेख

रिपोर्ट ऑन द टेरिटरीज ऑफ़ द राजा ऑफ़ नागपुर, बाय आर. जेंकिन्स, १८२७ में प्रकाशित हुई थी। इस रिपोर्ट में पोवारों के द्वारा हिंदी बोले जाने का उल्लेख है। नागपुर राज्य पर ब्रिटिश आधिपत्य के बाद उन्होंने इस क्षेत्र के निवासियों के इतिहास और भाषा के अध्ययन की यह एक शुरुवात भर थी। इसके बाद में नियमित जनगणना के समय के विस्तृत अध्ययनों में हिंदी की उपभाषा के रूप में पोवारों की भाषा, पोवारी दर्शाई गई थी।

सन १८६६ में सेंट्रल प्रॉविन्सेस एथनोलॉजिकल कमिटी, की रिपोर्ट को जनगणना की शुरुवात मानी जाती है। इसके बाद ब्रिटिश भारत में प्रथम विधिवत जनगणना १८७२ से शुरू हुई। सन १८८१ से हर दस वर्ष में राष्ट्रीय स्तर पर जनगणना की शुरूवात हुई और १८८१ से लेकर २०११ तक सभी जनगणनाओं में पोवारी(Powari) भाषा का विस्तृत विवरण दिया गया है। इसके अतिरिक्त ब्रिटिश काल से लेकर स्वतंत्र भारत की सभी भाषाई गणना में पोवारी भाषा या बोली नाम से इसके स्वतंत्र अस्तित्व का उल्लेख मिल जाता है।

सन १८९४ से १९२८ के मध्य में जॉर्ज. ए. ग्रियर्सन के द्वारा भारत में प्रथम राष्ट्रीय स्तर का भाषाई सर्वेक्षण हुआ जिसमें पोवारी बोली भाषा

का विस्तृत उल्लेख मिलता है। इसी प्रकार शासन के विभिन्न प्रतिवेदन तथा अन्य भाषा वैज्ञानिकों के अध्ययन में भी पोवारी भाषा का उल्लेख मिलता है। चूंकि यह भाषा एक सामुदायिक भाषा है अतः पोवार समाज के सामाजिक विचारकों एवं इतिहासकारों के द्वारा भी समाज पर लिखे अपने लेखों में पोवारी भाषा का विस्तृत अध्ययन और उल्लेख किया है। पोवारी भाषा पर समय-समय पर विभिन्न शोधकर्ताओं के द्वारा शोधकार्य भी हुए है। कई संस्थाएं, सामाजिक चिंतक, साहित्यकार और शोधकर्ता पोवारी भाषा के संरक्षण और संवर्धन का निरंतर कार्य कर रहे है। अनेक सामाजिक माध्यमों के द्वारा पोवारी भाषा को बचाने के निरंतर प्रयास जारी है।

१. सेंट्रल प्रॉविन्सेस एथनोलॉजिकल कमिटी, की रिपोर्ट

सेंट्रल प्रॉविन्सेस एथनोलॉजिकल कमिटी, १८६६-६७ की रिपोर्ट के पृष्ठ क्रमांक ५१ में लिखा है की पोवारी भाषा, पोवारों की भाषा है पर स्थानीय भाषाएँ जैसे मराठी और गोंडी के शब्द भी इसमें समाहित हो गए है। लम्बे समय तक विभिन्न भाषी समूहों के साथ-साथ रहने पर उनमें अनेक शब्दों का आदान-प्रदान होना स्वाभाविक प्रक्रिया है। इसलिए पोवारी भाषा में विदर्भ क्षेत्र में आने के बाद स्थानीय भाषाओं के प्रभाव के कारण यह भाषा अपने पूर्ववर्ती क्षेत्र की भाषाएँ जैसे मालवी, निमाड़ी और गुजराती से कुछ अलग स्वरूप में विकसित हुई और एक स्वतंत्र भाषा बन चुकी है जो सिर्फ

बालाघाट, गोंदिया, भंडारा और सिवनी जिलों में स्थाई रूप से निवासरत पोवार समुदाय की ही भाषा है।

----

२. सेंट्रल प्रॉविन्सेस सेन्सस, १८७२

सेंट्रल प्रॉविन्सेस सेन्सस, १८७२ के पृष्ट क्रमांक ३८ में लिखा है की बालाघाट, भंडारा और सिवनी जिलों में ९२,९५३ पोंवार समाज की जनसंख्या थी। संभवतया इस समय समाज के सभी लोग पोवारी बोलते थे इसलिए १८७२ में पोवारी बोलने वालों की जनसंख्या ९२,९५३ थी। इसी प्रकार १८८१ में, १८९१ में, १९०१ में, १९११ में पोवारों की मातृभाषा पोवारी होने का ही उल्लेख किया गया है। पोवारी, सिर्फ छत्तीस कुल वाले वैनगंगा क्षेत्र के पोवार(पंवार) समाज के द्वारा ही बोली जाती है इसीलिए जितनी इस समाज की जनसंख्या होगी उतने ही लोग पोवारी भाषी होंगे।

Ponwars 92,953.

Bhandara 45,404.
Seoni 30,305.
Balaghat 18,906.

71. The Ponwars trace their origin to the Rajput class of the same name (Pramaras) who were settled in Malwa, but their first appearence in these parts dates from not much more than a century ago, when they settled at Nandardhan near Ramtek in the Nagpur district. Here they erected a fort and located themselves in numerous villages, and as time went on they extended themselves over Ambagarh and Chandpur, east of the Wainganga. Some of the members of this caste accompanied Chimaji Bhonsla in the Cuttack expedition, and on their return received as a reward for their services lands in Lanji and other tracts to the west of the Wainganga in the Balaghat district. In the Seoni district the Ponwars came first to Sangarhi and Partapgarh, and ultimately into Katangi, recently transferred from Seoni to Balaghat. The Ponwars are an agricultural class, chiefly growing rice, and are a very enterprising race. It is chiefly through them and the Lodhis that the work of colonising the Balaghat district is going on.

हालाँकि समय के साथ समाज में लोग अब बोलचाल के लिए पोवारी के साथ हिंदी या मराठी का प्रयोग अधिक करने लगे हैं जिससे धीरे धीरे नई पीढ़ी अपनी मातृभाषा पोवारी से दूर हो रहे हैं जिसे रोकने की आवश्यकता है।

१८७२ की जनगणना इस रिपोर्ट के अनुसार नगरधन से समय के साथ पंवार, वैनगंगा के पूर्व में आम्बागढ़ और चांदपुर की ओर विस्तारित हुए। कुछ पोवारों ने कटक पर मराठों के विजय अभियान में श्री चिमाजी भोसले का साथ दिया था। कटक अभियान में पोवारों के सौर्य और पराक्रम के कारण पुरस्कार स्वरूप उन्हें लांजी और बालाघाट जिलें में वैनगंगा के पश्चिम में बहुत सी भूमि उन्हें प्रदान की गयी। सिवनी जिलें में पंवार सर्वप्रथम सांगड़ी और प्रतापगढ़ में आये। इसके बाद उनका विस्तार बालाघाट जिलें में कटंगी की ओर हुआ। इस जनगणना रिपोर्ट में उन्हें बहुत ही उद्यमी जाति और उन्नत कृषक कहा गया है। इस जनगणना में भंडारा में ४५,४०४, सिवनी में ३०,३०५ और बालाघाट जिलें में १३,९०६ पोवारों की जनसंख्या बताई गयी है।

----

३. १८८१ की जनगणना

१८८१ की जनगणना में सेंट्रल प्रॉविन्सेस प्रान्त में पोवारी भाषी पोवार समाज की कुल जनसंख्या १,०६,०८१ थी जो मुख्य रूप से भंडारा

(बालाघाट और गोंदिया शामिल) और सिवनी जिलों में निवासरत थे। भारत की जनगणना, १८९१ में यह तथ्य भी उल्लिखित हुआ था की पोवारी, हिंदी परिवार की बोली है। कई बोलियाँ जैसे भोयरी, गोवारी, कटियाई, पोवारी आदि बोलियाँ का नाम उनको बोले जाने वाली जाति विशेष के नाम पर आधारित है। इसी पृष्ठ पर आगे लिखा है की ये जातियां स्थाई निवासियों के संपर्क में आई और उन पर उनकी भाषाओं का प्रभाव भी पड़ा। जैसे भंडारा जिले की पोवारी।

----

४ . सेंट्रल प्रॉविनवेस डिस्ट्रिक्ट गैज़ेटिएर, जिला सिवनी

सेंट्रल प्रॉविनवेस डिस्ट्रिक्ट गैज़ेटिएर, जिला सिवनी, १९०७ के पृष्ठ क्रमांक ४५ में लिखा है की इस समय सिवनी जिले में १७,००० पोवार थे जो अपनी भाषा, पोवारी(पूर्वी हिंदी) बोलते थे। समाज की इस भाषा पोवारी में समय के साथ मराठी का भी प्रभाव पड़ा। १७०० के आसपास और उसके बाद मराठा समय तक राजपुताना-मालवा से बड़ी संख्या में कई कुल के क्षत्रियों का आगमन हुआ था और वे सर्वप्रथम नगरधन में आकर बसे थे। सम्भवतया १७५० तक उनके अनेक परिवार, नगरधन और वैनगंगा क्षेत्र में आकर एक साथ रहे थे और मराठी भाषियों के साथ लम्बे समय तक रहने के कारण, मूल पोवारी बोली पर मराठी का प्रभाव आज भी नजर आता है।

----

५. भाषाविद श्री जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन भाषा सर्वेक्षण

आयरिश अधिकारी और भाषाविद श्री जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन के द्वारा भारत में भाषा सर्वेक्षण किया गया था। "लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ़ इंडिया" नाम से कई भागों में उन्होंने अपनी भाषा अध्ययन रिपोर्ट तैयार की थी। इस सर्वेक्षण की छटवी रिपोर्ट के पृष्ठ क्रमांक १७८ से १७९ में वैनगंगा क्षेत्र के पोवार(पंवार) के द्वारा बोली जाने वाली बोली, पोवारी के विषय में लिखा गया है।

श्री ग्रियर्सन ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है की पोवारी, पोवारों की भाषा हैं जो मुलत: मालवा के राजपूत प्रमार हैं। वे उत्तर भारत की ओर विस्थापित हुये और बाद के समय में वैनगंगा की घाटियों में उन्होंने अपनी सघन बस्तियां बसाई। इस जाति का परम्परागत घर मध्य भारत का धार हैं। जैसा की हम सभी जानते हैं की मालवा नरेश भोजदेव ने अपनी राजधानी उज्जैन से धार स्थान्तरित की थी और तब से लेकर आज तक प्रमार वंशियो का इस नगरी पर शासन और प्रभाव रहा हैं। हालांकि पोवार पुरे मध्य प्रान्त में फैले हैं पर बालाघाट और आसपास के क्षेत्रों में इनके द्वारा अलग ही बोली, पोवारी बोली जाती है।

सन १८९१ की जनगणना में बालाघाट और भंडारा जिलों में पोवार समाज की जनसंख्या १,१३,६०४/- थी। पश्चिमी राजपुताना से आने के बाद पोवारों की भाषा पर बघेली और मराठी का प्रभाव देखा गया हैं। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बालाघाट और भंडारा जिलों में बोली जाने वाली पोवारी का तुलनात्त्मक विश्लेषण भी दिया हैं।

६. सेंट्रल प्रॉविन्सेस डिस्ट्रिक्ट, गज़ेटियर्स, बालाघाट

सेंट्रल प्रॉविन्सेस डिस्ट्रिक्ट, गज़ेटियर्स, बालाघाट डिस्ट्रिक्ट (१८९१-१९०१) के पृष्ठ क्रमांक १३ पर पोवार समाज की बोली पोवार और पोवारी बोलने वालों की संख्या ४१,०४५/- दर्शायी गयी है।

----

७. सेन्सस ऑफ़ इंडिया, १८९१

सेन्सस ऑफ़ इंडिया, १८९१ वॉल्यूम XI, द सेंट्रल प्रॉविन्सेस एंड फिउडातोरियस, पार्ट-I, द रिपोर्ट में पृष्ठ क्रमांक १३६ पर पोवार समाज की बोली पोवारी को उनके मूल स्थान, पश्चिमी राजस्थान को बोली बताया है और लिखा है की इस क्षेत्र में आने के बाद इस पर मराठी का प्रभाव पड़ा। लम्बे समय तक मराठी भाषीय जनसंख्या के साथ रहने से उसका प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है।

----

८. १९०१ की जनगणना दस्तावेज

१९०१ की जनगणना दस्तावेज सेन्सस ऑफ़ इंडिया, १९०१, वॉल्यूम XIII: सेंट्रल प्रॉविन्सेस, पार्ट I: रिपोर्ट, के पृष्ट क्रमांक-६० में लिखा है की पोवारी बोली सिवनी, भंडारा एवं बालाघाट जिलों में बोली जाती है। पोवारों का वास्तविक घर पश्चिमी राजपुताना है और उनकी बोली पर बघेली

और मराठी का प्रभाव दिखता है। इस दस्तावेज में लिखा है की इन क्षेत्रों में पोवारों का आगमन पश्चिमी राजपुताना से बघेली बोली बोले जाने वाले क्षेत्रों से हुआ होगा और शायद इसी लिए पोवारी बोली पर बघेली का प्रभाव पड़ा होगा।

----

९. भारत की जनगणना,१९११

भारत की जनगणना,१९११ में पोंवारी भाषा(पूर्वी हिंदी) बोलने वालों की जनसंख्या १,४३,००३ हो गई थी। सेन्सस ऑफ इंडिया, १९११ वोल्युम १०, के पृष्ठ क्रमांक १८८ में पोवारी बोली बोले जाने वालों की कुल संख्या १,४३,००३ दर्शाई गई है।

----

१०. सेंट्रल प्रॉविन्सेस डिस्ट्रिक्ट ग़ज़ीटियर्स, १९२७

सेंट्रल प्रॉविन्सेस डिस्ट्रिक्ट ग़ज़ीटियर्स, वॉल्यूम ३, पार्ट २, १९२७ के पृष्ठ क्रमांक १४, में लिखा है की पोवारी, पोवारों की उपबोली है।

----

११. एक्सेशन लिस्ट, इंडिया, वॉल्यूम १८, १९८०

एक्सेशन लिस्ट, इंडिया, वॉल्यूम १८, १९८० किताब के पृष्ठ क्रमांक ४०३ में पोवारी भाषा के विषय में लिखा गया है की यह राजस्थानी, बघेली और मराठी भाषाओं का मिश्रण है, जो महाराष्ट्र के भंडारा जिला में और

मध्यप्रदेश के बालाघाट जिलों में बोली जाती हैं। इस समय सिवनी जिला का स्वतंत्र अस्तित्व था और उसमें निवासरत पंवार समाज के लोगो के द्वारा भी पोवारी भाषा बोली जाती है जिसका उल्लेख करना लेखक भूल गए। सन १९९९ में भंडारा से पृथक कर गोंदिया जिला बनाया गया जहां पर बहुत बड़ी संख्या में पोवारी भाषा बोलने वाले पोवार समुदाय के लोग रहते हैं।

----

१२. केंद्रीय हिंदी संस्थान(१९८९)

केंद्रीय हिंदी संस्थान के द्वारा सन १९८९ जारी किताब कोश विज्ञान सिद्धांत एवं मूल्याङ्कन के पृष्ठ क्रमांक ३४ में भाषाओं का वर्गीकरण किया दिया गया है। उन्होंने क्षेत्रीय बोलियाँ और सामाजिक बोलियों में विभाजित किया है। वरहाड़ी, अहिरानी, कोंकनी, डांगी आदि क्षेत्रीय बोलियों के उदाहरण है जबकि पोवारी, कोष्ठी, कोली, खत्री, चिटपवनी आदि को समाज विशेष से जुड़े रहने के कारण सामाजिक भाषा नाम से वर्गीकृत किया है।

----

१३. सेंट्रल प्रॉविन्सेस डिस्ट्रिक्ट गज़ेटीरस, भंडारा डिस्ट्रिक्ट

सेंट्रल प्रॉविन्सेस डिस्ट्रिक्ट गज़ेटीरस, भंडारा डिस्ट्रिक्ट, बी वॉल्यूम स्टैटिस्टिकल टेबल्स १८९१-१९२६ के पृष्ठ क्रमांक १५ के टेबल ५ में यह तथ्य उल्लिखित है की पोवारी, पोवारों की बोली है। इस गैज़ेट में भंडारा जिले में पोवार समाज की जनसंख्या और अन्य विवरण दिए गए हैं।

----

१४ .नागपुर यूनिवर्सिटी जर्नल ह्यूमेनिटीज़ वॉल्यूम २२

नागपुर विश्वविद्यालय के भाषा विभाग के प्राध्यापक डा. एस. बी. कुलकर्णी जी ने सर्वप्रथम पोवारी भाषा का विस्तृत अध्ययन कर, "पोवारी बोली" नामक एक पुस्तक भी लिखी हैं। उनका यह शोध नागपुर विश्विद्यालय के द्वारा सन १९७१ में प्रकाशित, नागपुर यूनिवर्सिटी जर्नल ह्यूमेनिटीज़ वॉल्यूम,२२ में दिया गया हैं। इस जर्नल में मराठी भाषा और अन्य बोलियों के साथ पोवारी बोली का भी अध्ययन किया गया हैं। उन्होंने लिखा है की पोवारी बोली भंडारा और बालाघाट जिलों के पोवारों के द्वारा बोली जाती है।

----

१५. इंटरनेशनल इनसाक्लोपीडिया ऑफ़ लिंग्विस्टिक

इंटरनेशनल इनसाक्लोपीडिया ऑफ़ लिंग्विस्टिक के पृष्ठ क्रमांक २९१ में पोवारी को बघेली बोली के समूह में सम्मिलित किया हैं जबकि इसी पुस्तक के पृष्ठ क्रमांक ४७७ में उल्लिखित है की पोवारी बुंदेली की उपबोली हैं। इसी प्रकार से कई भाषाविदों ने भी पोवारी बोली को बघेली और बुंदेली की उपभाषा के रूप में रखा हैं। लेकिन पोवारी बोली की इन बोलियों से कोई साम्यता नहीं हैं और इसकी अधिक साम्यता मालवी, राजस्थानी तथा गुजराती से ही हैं साथ ही नगरधन-नागपुर क्षेत्र में आने के बाद मराठी का इस बोली पर काफी प्रभाव पड़ा हैं। वास्तव में आज की पोवारी बोली का स्वरूप

१७०० से १७७५ के मध्य इस क्षेत्र में ही विकसित हुआ और इस बोली का अपना स्वतंत्र अस्तित्व हैं।

----

१६. एंथ्रोपोलॉजिकल लिंगविस्टिक वॉल्यूम ७, १९७८

एंथ्रोपोलॉजिकल लिंगविस्टिक वॉल्यूम ७, १९७८ के पृष्ठ क्रमांक २६८ में उल्लिखित है कि १९५१ की जनगणना में बालाघाट जिले के ३५,९७९ लोगों ने पोवारी को अपनी प्रथम बोली बताया था। बालाघाट जिले में पोवार(पंवार) समाज की कुल जनसंख्या की तुलना में यह संख्या इसीलिए कम रही होगी क्योंकि उन्होंने हिंदी को अपनी मातृभाषा बताया होगा।

----

१७. लैंग्वेज हैंडबुक, मध्यप्रदेश सेन्सस, १९५१, छिंदवाड़ा, बैतूल, होशंगाबाद, निमाड़ एंड बालाघाट डिस्ट्रिक्स

देश की स्वतंत्रता के बाद १९५१ में पहली बार पूर्ण रूप स्वतंत्र भारतवर्ष की जनगणना हुई थी। इस जनगणना के साथ भाषाई सर्वेक्षण भी हुआ था और जिलेवार रिपोर्ट्स प्रकाशित हुयी थी। लैंग्वेज हैंडबुक, मध्यप्रदेश सेन्सस, १९५१, छिंदवाड़ा, बैतूल, होशंगाबाद, निमाड़ एंड बालाघाट डिस्ट्रिक्स के पृष्ठ क्रमांक ३१ में सिवनी क्षेत्र में पोवारी बोली

जाने का विवरण दिया है। इस रिपोर्ट्स के पृष्ठ क्रमांक १३४, १३५ और १३६ में बालाघाट जिले में ग्रामवार पोवारी बोले जाने का विवरण दिया हैं।

----

१८. लैंग्वेज हैंडबुक, मध्यप्रदेश सेन्सस, १९५१, नागपुर,चांदा, भंडारा एंड अमरावती डिस्ट्रिक्स

लैंग्वेज हैंडबुक, मध्यप्रदेश सेन्सस, १९५१, नागपुर,चांदा, भंडारा एंड अमरावती डिस्ट्रिक्स के पृष्ठ क्रमांक १०२, ११५, ११६ आदि में भंडारा जिले में पोवार समाज के द्वारा बोले जाने वाली पोवारी बोली का ग्रामवार विवरण दिया गया हैं।

----

१९. अक्सेस्सिओन्स लिस्ट , इंडिया , वॉल्यूम 18 बाय लाइब्रेरी ऑफ़ कांग्रेस ऑफिस, नई दिल्ली, १९८०

Rs15.00

On the Powari dialect, an admixture of Rajasthani, Bagheli, and Marathi, spoken in the Bhandara District of Maharashtra and the Balghat District of Madhya Pradesh; a study.

२०. यल. सी. क्लासिफिकेशन : एडिशन्स एंड चैंजेस(1996)

PAGE 87

Old Georgian language: PK9105.5
Powari (Hindī dialect): PK1970.P68
Sinagoro (Melanesian language): PL6305
*Tirhutia (Bihārī dialect): ...
(Cancel line.)
Una (Malayan language): PL5488.63
Wagdi (Marwari dialect): PK2469.W34

इस पुस्तक के पृष्ठ क्रमांक ८७ में पोवारी को हिंदी की उपबोली बताया गया है।

----

२१. लैंग्वेज हैंडबुक ऑन मदर टाँग इन सेन्सस, १९७२ (१९७१ की जनगणना)

१९७१ की जनगणना पर आधारित, पुस्तक लैंग्वेज हैंडबुक ऑन मदर टाँग इन सेन्सस, १९७२ में श्री रमेश चंद्र निगम ने पृष्ठ क्रमांक २०६ में पोवारी बोली का उल्लेख किया है और इस बोली को बोले जाने वाले वालों की संख्या ६४,०७८ बताई है। यह संख्या भी पूरी तरह से पोवारी बोली बोले जाने वाले समूह को नहीं दर्शाती क्योंकि इस समय इससे कहीं अधिक संख्या में जनसमुदाय पोवारी बोली बोलते थे।

----

२२. सेंट्रल प्रॉविन्सेस डिस्ट्रिक्ट गज़ेटियर, भंडारा

सेंट्रल प्रॉविन्सेस डिस्ट्रिक्ट गज़ेटियर, भंडारा जिला में यह तथ्य उल्लिखित हैं की पोवार समाज की बोली पोवारी हैं और इस बोली के इन्होंने अपने मूल स्थान, पश्चिमी राजपूताना से लेकर आये थे।

----

२३. कैटेलॉग ऑफ़ लैंग्वेज एंड फैमिलीज़

ग्लूटोलॉग & जॉर्ज अ. ग्रियर्सन, १९०४ में यह तथ्य उल्लिखित हैं की पोवारी, इंडो आर्यन सेंट्रल ज़ोन की उपभाषा, ईस्टर्न हिंदी की उपभाषा हैं।

----

२४. मल्टी ट्री

बोली भाषा का अध्ययन करने वाली संस्था मल्टी ट्री, में पोवारी बोली को pwr, कोड : ISO ६३९-३, इंडो-यूरोपियन फैमिली दिया हैं।

----

२५. एथनोलॉग : द लैंग्वेज ऑफ़ वर्ल्ड

एथनोलॉग : द लैंग्वेज ऑफ़ वर्ल्ड में पोवारी बोली को वैनगंगा पोवारी [(VynegangaPowari) (pwr - vyn) से अभिलेखित किया गया हैं। **OLAC रिकॉर्ड** में भी पोवारी बोली को pwr कोड से अपने रिकॉर्ड में शामिल किया है।

२६. इतिहासकार श्री ओ सी पटले जी और उनका पोवारी भाषा पर मौलिक अध्ययन

श्री ओ सी पटले जी के द्वारा पोवारी भाषा पर एक किताब, "पोवारी भाषा संवर्धन: मौलिक सिद्धांत व व्यवहार" किताब में पोवारी के अध्ययन के लिए मौलिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है। यह पोवारी भाषा पर शोधकर्ताओं को इस भाषा के वास्तविक स्वरूप और इतिहास को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण किताब है।

पोवारी भाषा संवर्धन:मौलिक सिध्दांत व व्यवहार

पोवारी भाषा संवर्धन : सिध्दांत व व्यवहार

इसके अतिरिक्त उनकी अन्य किताब "समाजोत्थान का सिद्धांत" और "पोवारों के इतिहास" में भी पोवारी भाषा के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है

अध्याय 5.
पोवारी भाषा संवर्धनः मौलिक सिद्धांत
(Powari Language Promotion: Basic Principles)

1. भाषा संवर्धन सिद्धांतों की आवश्यकता

पोवारी भाषा ला लोकप्रियता, प्रतिष्ठा एवं गौरव को दिशा मा आगे बढ़ावनो येवच पोवारी भाषा संवर्धन को अभिप्राय से. नवयुग मा भाषा संवर्धन साती औपचारिक व संगठित प्रयासों की आवश्यकता से. येन् प्रयासों ला उपयुक्त दिशा देन साती पोवारी भाषा संवर्धन का सिद्धांत प्रस्थापित करनो आवश्यक होतो. भविष्य मा ये सिद्धांत भाषा संवर्धन साती मार्गदर्शक तत्व (Directive Principles) साबित होयेती.

2. भाषा संवर्धन का सिद्धांत (Basic Principles)[1]

पोवारी भाषा संवर्धन का प्रमुख सिद्धांत निम्नलिखित सेती–

2–1. सामाजिक एकता को सिद्धांत
2–2. संस्कृति रक्षण को सिद्धांत
2–3. भाषिक अस्मिता को सिद्धांत
2–4. स्वतंत्र पहचान को सिद्धांत
2–5. आत्मियता को सिद्धांत
2–6. भाषिक निष्ठा को सिद्धांत
2–7. परिवर्तनशीलता को सिद्धांत
2–8. व्याकरणमुक्त लेखन को सिद्धांत
2–9. प्रमाण भाषा निर्मिति को सिद्धांत
2–10. राष्ट्रीय लिपि को सिद्धांत
2–11. भाषिक माधुर्य को सिद्धांत
2–12. लिखित साहित्य को सिद्धांत
2–13. उदारीकरण को सिद्धांत
2–14. सशक्तिकरण को सिद्धांत

3. सिद्धांतों की उत्पत्ति व उपयोगिता

उपर्युक्त भाषा संवर्धन का सिद्धांत, प्रस्तुत लेखक को मौलिक संशोधन (Original Research) की फलश्रुति आय. प्रस्तुत लेखक द्वारा इ. स. 2018 मा पोवार समाज मा नवी भाषिक क्रांति आनन को प्रयास करेव गयेव व क्रांति साकार करेव गयी, वोन् अनुभव पर अधिष्ठित सेती.

(1) गोंदिया जिला– 13,22,331.
(2) भंडारा जिला– 12,00,334.
(3) बालाघाट जिला– 17,01,156.
(4) सिवनी जिला– 13,79,131.

कूल जनसंख्या– 56,02,952.

उपर्युक्त चारों जिलों में पोवारों की आबादी के प्रतिशत के आधार पर यह कहा जा सकता है कि 2011 में पोवारों की जनसंख्या लगभग 11 लाख 20 हजार थी. वर्तमान में पोवारों की अनुमानित जनसंख्या 15 लाख है.

7. समाज की बोली और संस्कृति

पोवार समाज की एक स्वतंत्र बोली अथवा मातृभाषा है. इनकी मातृभाषा पोवारी (Powari) कहलाती है.

समुदाय के लोग भी इन्हें पोवार तथा इनकी भाषा को पोवारी नाम से ही संबोधित करते है.

जमिनी हकीकत, रेसिडेंट जेनकिन्स का कथन (1867), केंद्रीय प्रांत की जनगणना रिपोर्ट (1872), प्रथम भाषा विषयक सर्वेक्षण (1876), नृवंश विज्ञान प्रतिवेदन–नागपुर (1768), केंद्रीय प्रांत प्रशासनिक रिपोर्ट (1782–83), जनगणना रिपोर्ट (1881, 1891, 1901) एवं भंडारा जिला गॅजेटियर (1978) इन सभी दस्तावेजों की जानकारी में साम्यता है. इसलिए मालवा में थे तब और वहां से वैनगंगा क्षेत्र में आने के पश्चात भी पोवार जाति का पोवार यह एकही नाम प्रचलित था.

13. भाषा के नाम की कसौटी

सामान्यतः जाति के नाम के अनुसार ही उसकी मातृभाषा का नाम होता है. जाति का नाम पुल्लिंगी एवं भाषा का नामा स्त्रीलिंगी होता है.

यहां अध्ययन हेतु लिये गये समाज की मातृभाषा पोवारी है.मातृभाषा के नाम के आधार पर भी इस जाति का नाम "पोवार" होना सिद्ध होता है. जिस समाज की मातृभाषा और संस्कृति भी पोवारी कहलाती है, निःसंदेह उस समाज का नाम "पोवार" है. 1901 की जनगणना रिपोर्ट में पोवारी की लिए पंवारी यह पर्यायी नाम अकित किया गया हैं. लेकीन पोवारी यह पारंपारिक नाम सही हे. 2011 की जनगणना रिपोर्ट में "पोवारी" यह एकही नाम अंकित हैं.

२७. पोवार : श्री महेंन पटले

श्री महेंन पटले जी ने पोवारों की संस्कृति और इतिहास का विस्तृत अध्ययन अपनी किताब "पोवार" में दिया है। इस किताब में उन्होंने पृष्ठ क्रमांक ९३ पर उन्होंने पोवारी के बारे में लिखा है।

बोली -

मध्य भारतीय पोवारो की विशिष्ट भाषा है, जिसका नाम पोवारी है , लिखित साहित्य बहुत कम है और यह समुदाय द्वारा ही बोली जाने के कारण इस भाषा को बोली कहा जाता है ! **पोवारी बोली** मालवी , राजस्थानी , गुजराती ,पुराणी डिंगल /पिंगल, बुन्देली , बघेली , हिंदी का मिलाजुला स्वरुप है ! वैनगंगा नदी के क्षेत्र में बसे मालवा के प्रमारो

93

की भाषा पोवारी होने की बात भारत के पहले भाषा सर्वे के लेखक श्री गियर्सन लिखते है !

पोवारी बोली में "है" की बजाये "से" , "हु" के बजाये "सु" गुजराती भाषा से सामीप्य दर्शाता है ! तो भयौ , खायौ , पियौ , कर्‍यौ आदि क्रियापद राजस्थानी मालवी सबंध दर्शाते है !

पोवारी संस्कृत से उपजी यह तो स्पष्ट है ! उदाहरण के लिए संस्कृत शब्द मुहूर्त को मोहतुर कहा जाता है ! संस्कृत का एक वाक्य ***त्वं कीं करोषि*** को पोवारी में कहेंगे ***तुमि का करसेव*** ! हालाकि पोवारी पर डिंगल / पिंगल शैली , मालवी , ब्रज शैली का बहुत प्रभाव पाया गया है! समय के साथ हिंदी , उर्दू , अंग्रेजी , मराठी , स्थानीय भाषाओ का काफी प्रभाव पड़ा है ! कुछ शब्द तो पूरी तरह अलग है जो किसी भी भाषा से नही मिलते ! उदाहरण जैसे **चोह्यव नही** यानि दिखा नही !

पोवार पोवारी बोली में सामान्यतः "आमी पोवार आजन" कहते है !

२९. पोवारी भाषा पर शोधकार्य

पोवारी भाषा पर कई लोगों ने शोध कार्य भी किया है। नागपुर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक श्री डी. एस. कुलकर्णी ने सर्वप्रथम पोवारी भाषा का विस्तृत अध्ययन कर, "पोवारी बोली" नामक एक पुस्तक भी लिखी हैं। स्व. मंजू अवस्थी ने पोवारी भाषा पर शोध कर डी.लिट. की उपाधि प्राप्त की थी। इसके अतिरिक्त श्रीमती भारती शरणागत और श्री तूफान सिंह पारधी ने भी पोवारी भाषा पर शोध किया हैं पर उन्होंने अपने शोध में पोवारी भाषा के ऐतिहासिक और साहित्यिक नाम को शोध के विषय में नही रख पाए और साथ पोवारी बोलने वालों के भौगोलिक क्षेत्र का भी सही सही आकलन भी नही कर पाए हैं। इसीलिए और अधिक तथ्यपरक शोध की आवश्यकता है।

आज कई सामाजिक चिंतक, साहित्यकार और इतिहासकार पोवारी भाषा के मूल और साहित्यिक नामों के साथ पोवारी भाषा के स्वतंत्र विकास और सही तथ्यों के साथ उसके इतिहास लेखन पर निरंतर कार्य कर रहे हैं। निश्चित ही धीरे-धीरे पोवारी का एक एक स्वतंत्र विकास होगा और इस पर आये विलुप्ति और इसके नाम बदलकर अन्य भाषाओं के साथ मिश्रित स्वरूप बनने से बचकर यह एक पूर्ण भाषा के रूप में अपने मूल अस्तित्व और पहचान के पोवार समुदाय की सामाजिक-सांस्कृतिक धरोहर के रूप में बनी रहेगी।

३. पोवारी भाषा का ऐतिहासिक तथा साहित्यिक नाम

भाषा की अपनी विशिष्ट पहचान के लिये उसका एक नाम होना जरुरी है। पोवारी बोलने वाले बुजुर्गों के द्वारा समाज का नाम पोवार और भाषा का नाम पोवारी ही कहा जाता था। वे लोग कहते हैं की, "आमी धारानगरी का पोवार आजन।" इसके साथ अधिकांश पुराने दस्तावेजों में भाषा का नाम पोवारी ही होना इस बात को सिद्ध करता है की भाषा का नाम पोवारी ही है। कुछ साहित्यकारों और शोधकर्ताओं ने सतही अध्ययन के आधार पर पोवारी को पवारी लिखा है जो ऐतिहासिक और साहित्यिक दृष्टिकोण से सही नहीं हैं। अपभ्रंशित नामों से मूल नामों को प्रतिस्थापित नही किया जाना चाहिए।

पोवारी और पवारी भाषाओं में अंतर हैं और दोनों अलग अलग स्वरूप और क्षेत्र वार भिन्न भाषाएँ है। लाइब्रेरी ऑफ़ कांग्रेस, सब्जेक्ट हैडिंग, ३१ वे अंक में इन भारतीय भाषाओं के अंतर को स्पष्ट किया है। इस किताब के पृष्ठ क्रमांक ६२३५ में पोवारी भाषा कों बघेली बोली में सम्मिलित कर लिखा हैं की यह पोवार परिवार की भाषा है, जबकि पृष्ठ क्रमांक ५६८० में पवारी भाषा को बुंदेली भाषा में सम्मिलित किया है और इसे लोक साहित्य की भाषा बताया है। १९५१ के पूर्व तक दोनों भाषाओं की विभिन्नता के कारण उन्हें अलग-अलग भाषा परिवार में रखा जाता था लेकिन की १९५१ की जनगणना में नामों की समानता के कारण पोवारी और पवारी को तिर्यक् के साथ हिंदी भाषा परिवार में एक ही क्रमांक पर लिखा जाने लगा।

बैतूल, छिंदवाड़ा और वर्धा जिलों में निवासरत भोयर समाज के द्वारा बोले जाने वाली भाषा भोयरी को १९५० के आसपास से भोयरी पवारी/पवारी लिखा जाने लगा है। हालांकि १९६१ की जनगणना में भोयरी और पोवारी अलग-अलग क्रमांक पर रखी गई थी लेकिन इस समय अपनी मातृभाषा भोयरी बताने वालों की संख्या १०,००० से कम रह गई थी और १९७१ की जनगणना में दस हजार से कम संख्या में बोले जाने वाली भाषाओं कों सूची से हटाने के कारण भोयरी भाषा आगे भाषा सूची में नही आ सकी। लेकिन भोयरी भाषी समूह आगे इसे पवारी भाषा बताने लगे है जिससे यह पवारी/पोवारी में शामिल हो गई। पवारी, भोयरी और पोवारी तीन स्वतंत्र भाषाएँ रही है जिन्हें गियर्सन के भाषाई सर्वे में अलग-अलग समूहों में रखा गया है, लेकिन बाद में आपस में मिलाने से इन तीनों पृथक-पृथक भाषाओं के स्वतंत्र अस्तित्व के विलोप का खतरा उत्पन्न हो गया है।

ऍंथ्रोपोलॉजिकल लिंग्विस्टिक्स वॉल्यूम ७ के पृष्ठ क्रमांक २६८ पर यह तथ्य उल्लिखित है की पवारी(पोवारी) दतिया और आसपास के क्षेत्रों में बोली जाती है। आगे यह लिखा है की १९५१ की जनगणना में ३५,९७९ लोगों ने जिसमें अधिकांश लोग बालाघाट जिला से है, जिन्होंने अपनी भाषा 'पोवारी' बताई। गियर्सन के भाषाई सर्वे में दतिया की पवारी को, बुंदेली की उपभाषा बताई गई थी और पोवारी भाषा को बालाघाट, सिवनी और भंडारा जिलें के पोवारों की भाषा बताई गई थी। इस सर्वे में दोनों भाषाओं का सैम्पल दिया गया है और उसके अवलोकन से यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है की दोनों

भाषाओं में कोई समानता नहीं है, जो १९५१ के भाषाई सर्वेक्षण और बाद की जनगणनाओं में गलती से दोनों को एक साथ और एक ही क्रमांक पर रख दिया गया है।

१९०१ की जनगणना में पंवारी भाषा को पश्चिमी हिंदी भाषा की उपभाषा बुंदेली में शामिल किया था। ग्वालियर जिलें के पंवार राजपूतों के द्वारा बोले जाने वाली भाषा कों पंवारी भाषा कहा गया था। गियरसन के भाषाई सर्वेक्षण में इसे पवारी(Pawari) भाषा लिखा गया हैं। हालांकि यह भाषा केंद्र प्रान्त के पोवारों या पंवार जाति के द्वारा बोली जाने वाली पोवारी भाषा से पुरी तरह से अलग है।

भारत की जनगणना १९०१, सेंट्रल प्रोविन्सेस(3V.) के प्रष्ठ क्रमांक १७३ की टेबल में हिंदी समूह की पूर्वी हिंदी बोली समूह की बोली बघेली की उपबोली पोंवारी को बताया गया हैं। जिसे १,२१,८४४ लोगों के द्वारा बोले जाने का उल्लेख हैं। जबकि भोयरी भाषा को हिंदी भाषा के राजस्थानी समूह की उपभाषा बताया गया है जिसके ४४,०१८ लोगों के द्वारा बोले जाने का उल्लेख हैं।

पोवारी भाषा का पुरातन नाम क्या था इस पर कई मत देखने में आते है। प्राचीन सभी दस्तावेजों में अधिकांश जगह इसका नाम पोवारी(Powari) ही मिलता है जिसका उल्लेख अध्याय २ में विस्तृत रूप से दिया गया है। चूँकि पोवार समाज का दूसरा नाम पंवार भी है इसीलिए कहीं कहीं पंवारी (Panwari/Ponwari) भी लिखा गया है। आजकल कुछ लेखक पोवारी

और भोयरी को उनके बोलने वाले समाजों के विलीनीकरण को बढ़ावा देने के लिए दोनों ही भाषाओं को एक ही नाम पवारी से लिख रहे हैं। उनका एक यह भी तर्क देखने में आता हैं की दोनों भाषाओं में कुछ समानता हैं। इस क्षेत्र की भाषाओं के अध्ययन करने से पता चलता हैं की पोवारी की कलारी, लोधांति, मरारी, कोष्ठी आदि बोलियों में भोयरी बोली की तुलना में कहीं अधिक समानता हैं। समानता के तर्क पर इन सभी भाषाओं को एक ही नाम से नहीं लिखा जा सकता इसीलिए इन सभी भाषाओं का स्वतंत्र रहना बहुत जरुरी हैं। भाषाओं में शब्दों का आदान-प्रदान स्वाभाविक प्रक्रिया हैं लेकिन दो भाषाओं का विलीनीकरण या उनको एक ही नाम से लिखने की कुछ विचारकों के प्रयास तर्कसंगत नहीं हैं।

मण्डल आयोग ने अपनी रिपोर्ट में समाज का नाम पोवार(Powar) दिया था और मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में समाज का शासन द्वारा स्वीकृत नाम पोवार होना इसका प्रमाण हैं की समाज की भाषा का ऐतिहासिक नाम पोवारी हैं। इसे यह स्वंसिद्ध है की समाज का नाम पोवार हैं तो इसकी भाषा का नाम पोवारी होगा न की पवारी। इसलिए पोवार/पंवार समाज की भाषा का यदि सर्वमान्य नाम ऐतिहासिक तथ्यों और बुजुर्गों के द्वारा उच्चारण के आधार पर देखें तो यह, पोवारी ही हैं भले ही आजकल हिंदी बोलते समय जनसामान्य इसे पंवारी या पवारी भी कहते हैं लेकिन ऐतिहासिक और साहित्यिक तथ्यों के आधार पर इस भाषा का एक नाम पोवारी को ही बढ़ावा देना इस भाषा के साथ न्याय ह

४.

पोवारी बोली, उसका अस्तित्व और विकास

पोवारी को बचाना सबसे प्रमुख कार्य हैं। लगभग १४-१५ लाख के इस समाज ने २०११ की जनगणना में ४ लाख के आसपास लोगो में इस बोली को अपनी मातृभाषा बताया लेकिन भोयरी बोली बोलने वालों ने भी पवारी नाम से अपनी मातृभाषा बताया जिससे जनगणना अधिकारी भ्रमित होकर अपने परिणाम में इसे पवारी/पोवारी संयुक्त रूप से डाल दिया जिसमें पोवारी बोली से अलग बोली भोयरी बोली भी पवारी नाम से समाहित हो गयी और वास्तविक पोवारी बोलने वालों की सही गणना नहीं हो सकी।

तथ्य जो भी हो पर इतनी बड़ी आबादी वाले पोवार/पंवार समाज के द्वारा पोवारी कम बोला जाना दुखद तो हैं। इसीलिए पोवारी लेखन को प्रोत्साहित किया जाना बहुत ही जरूरी हैं। कुछ तो लिखे और कुछ तो बोले। चाहे उसमें छंद/यमक रहे या न रहे पर हम सभी की पहली प्राथमिकता ऐसे साहित्य का निर्माण करना होना चाहिए जो साधारण जनसामान्य के समझ में हो और वो पोवारी संस्कारों के अनुरूप हो।

साहित्य लेखन में कोई बंदिश नहीं होती हैं और उसके अनेक रूप होते हैं और कई बार नए रूप के अनुरूप ही साहित्य की नई विधा बन जाती हैं। जैसे मुक्तछन्द, कविता का वह रूप है जो किसी छन्दविशेष के अनुसार नहीं रची जाती न ही तुकान्त होती है। मुक्तछन्द की कविता सहज भाषण

जैसी प्रतीत होती है। हिन्दी में मुक्तछन्द की परम्परा सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' ने आरम्भ की। और पोवारी लेखन को आसान बनाने और प्रोत्साहित करने के लिए इसी शैली से शुरुवात कर फिर उसमें साहित्यिक प्रयोग किये जा सकते हैं।

पोवारी का साहित्य निर्माण/वीडियो/ऑडियो और उसका प्रचार प्रसार पोवारी के विकास में सहायक हैं पर मीडिया में कई ऐसे लेख और वीडियो आये हैं जो पोवारी में हैं और जनसाधारण के द्वारा के बहुत पसंद किये गए पर उसमें समृद्ध पोवारी संस्कार और राजपुताना क्षत्रिय परम्पराओं के दर्शन नहीं हुए। हास्य व्यंग भी अपनी परम्पराओं और मर्यादाओं के साथ सहज और सरल भाषा में होने चाहिए। ताकि पोवारी का प्रचार प्रसार हमारे सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप ही हों।

भारतवर्ष में पोवारी बोली बोलने और समझने वालों की कुल जनसँख्या लगभग दस लाख के आसपास है। मालवा से नगरधन वैनगंगा क्षेत्र में आकर बसे पोवार(पंवार) समाज की वास्तविक मातृभाषा पोवारी हैं हालाँकि आज १४-१५लाख के आसपास की जनसंख्या का यह समाज अब हिंदी और मराठी का सामान्य बोलचाल में प्रयोग कर रहे हैं लेकिन कुछ वर्ष पूर्व तक इस समाज में पोवारी ही समुदाय के सदस्यों की वार्तालाप की मुख्य भाषा थी। गांवों में दूसरे समाज के लोग भी पोवारी बोली जानते हैं और पोवार(पंवार) समाज के लोगों से इसी बोली में बात करते हैं।

पंवार(पोवार) समाज में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में पोवारी बोली में गीत गाये जाते हैं। समाज की महिलाये विवाह, त्योहार, सामाजिक कार्यक्रम और नित्य के कामकाज के साथ पोवारी गीत जाती हैं। इन गीतों को नयी पीढ़ी के लोगों को जानने और सीखने की जरूरत हैं ताकि ये हमारी अमूल्य धरोहर पीढ़ी दर पीढ़ी चलती रहें। इसके अतिरिक्त कई सामाजिक सांस्कृतिक लोक कला जैसे ढंडियार, भजन, कीर्तन आदि पोवारी बोली में किये जाते रहे हैं।

कई लोक कलाकार पोवारी बोली में नाट्य का आयोजन करते हैं। नई पीढ़ी से कई बहुत अच्छे गायक हैं जो पोवारी में गायन कर उसकी रिकॉर्डिंग करके सामाजिक मीडिया के माध्यमों से प्रचार प्रसार कर रहे हैं। इस तरह के कार्यक्रमों से पोवारी बोली का व्यापक प्रचार-प्रसार होता हैं और कला की विभिन्न विधाओं में पोवारी बोली जीवित रहती हैं।

अब तक अनेक लेखकों ने पोवारी बोली में साहित्य का सृजन किया हैं। आज पचास से भी अधिक लेखक पोवारी बोली पर साहित्य सृजन कर रहे हैं और शीघ्र ही समाज के सम्मुख इस बोली में बहुत साहित्य, किताबों के माध्यम से उपलब्ध होगा। आज जरूरत हैं की समाज के विभिन्न संगठनों के साथ पदाधिकारी और जनसामान्य अपनी इस अमूल्य ऐतिहासिक धरोहर, पोवारी बोली को संरक्षित और संवर्धित करने का संगठित प्रयास करें तो यह बोली और अधिक समृद्ध होगी।

आज आधुनिक बनने के चक्कर में हम अपने पूर्वजों की

ऐतिहासिक बोली और अपनी इस पोवारी संस्कृति के गौरव, पोवारी बोली को धीरे धीरे भूलते जा रहे हैं, अब आवश्यकता हैं की पोवारी बोली को फिर से पूर्ण में जीवित करें और अपनी इस धरोहर को संरक्षित और संवर्धित कर, पुरखों के प्रति सच्ची श्रद्धा सुमन अर्पित करें।

५.

पोवारी भाषा के कुछ साहित्यकारों की रचनायें

१. भाषा मा क्रांति आननसाती

भाषा मा क्रांति आननसाती
प्राण सींचित करके लिखूं ।
भाषा मा क्रांति आननसाती
समर्पण भाव लक लिखूं ॥

सागर ला गहराई मांगू ।
बादलों ला उंचाई मांगू ।
भाषा मा क्रांति आननसाती,
बहारों ला सौंदर्य मांगके लिखूं ॥

अंबर लक शब्दतारा आनूं ।
सागर लक शब्दमोती आनूं ।
भाषा मा क्रांति आननसाती,
माँ शारदा को आशीष लक लिखूं ॥

स्वयं की क्षमता लक लिखूं ।
स्वयं को विवेक लक लिखु ।
भाषा मा क्रांति आननसाती,
स्वयं को खून लक लिखूं ॥

देहभान भूलकर लिखूं l
संसार भूलकर लिखूं l
भाषा मा क्रांति आननसाती,
सर्वस्व त्यगकर लिखूं ll

सूर्य को तेज लक लिखूं l
हवाओं की आज़ादी लक लिखूं l
भाषा मा क्रांति आननसाती
जिंदगी को दांव पर लिखूं ll

सूर्य ला आलोक मांग के लिखूं l
कल्याण की कामना लक लिखूं l
भाषा मा क्रांति आननसाती,
रणभेरी को स्वर मा लिखूं ll

इतिहासकार प्राचार्य ओ. सी. पटले

बुध.19/05/2021.

=============

२. पोवार समाज अना पोवारी बोली की ऐतिहासिकता : एक संक्षिप्त आकलन

